मेट्रो-3 के चार डिब्बे पहुंचे मुंबई

महानगर संवाददाता

मुंबई

मुंबईकरों के लिए अच्छी खबर है। मुंबई की पहली भूमिगत कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो-3 परियोजना के तहत ट्रेन के पहले चार डिब्बे मंगलवार को मुंबई पहुंचे। ये चार डिब्बे ट्रेलरों पर आंध प्रदेश की श्री सिटी से 1400 किलोमीटर का सफर तय कर 13 दिनों में मुंबई पहुंचे हैं। चार और कोच जल्द ही मुंबई पहुंचेंगे। 42 टन वजन के प्रत्येक डिब्बे को एक विशेष प्रकार के ट्रेलर पर लाया गया था। इन 8-एक्सल ट्रेलरों में 64 पहिए हैं। अब इन कोचों को जोड़कर सारिपूत नगर में अस्थाई सुविधा में

बाकी बचे 4 कोच जल्द ही आएंगे

ट्रेन को चलाया जाएगा। वहां एक परीक्षण ट्रैक भी उपलब्ध है। अस्थाई सुविधा से मरोल नाका मेट्रो स्टेशन तक तीन किमी लंबे ट्रैक पर टेस्टिंग की जाएगी। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की तरफ से बनाई जा रही कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो-3 को दो चरणों में शुरू किया जाना है। पहले चरण का ट्रायल वर्ष 2023 तक शुरू करने का लक्ष्य है। बीकेसी से कफ परेड के बीच का कॉरिडोर 2024 में खोले जाने का लक्ष्य रखा गया है। कुल 33.50 किलोमीटर लंबे मेट्रो-3 कॉरिडोर में 27 स्टेशन होंगे। इनमे से 26 स्टेशन अंडर ग्राउंड होंगे, एक स्टेशन जमीन के ऊपर बनेगा। इस मेट्रो परियोजना की लागत लगभत 30 हजार करोड़ रुपए है। यह मेट्रोलाइन पश्चिम रेलवे को मध्य रेलवे से जोड़ेंगी।